एक नज़र में

एक पेड़ माँ के नाम : पर्यावरण संरक्षण हेतु जिले में पौधारोपण एवं बीजारोपण कार्यक्रम

बुरहानपुर। कलेक्टर श्री हर्ष सिंह के निर्देशानुसार पर्यावरण संरक्षण एवं जिले को हराभरा बनाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा अथक प्रयास जारी है। जिले में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत कार्ययोजना तैयार कर विभिन्न स्थानों पर पौधारोपण एवं बीजारोपण कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। अपर कलेक्टर वीरसिंह चौहान एवं एसडीएम भागीरथ वाखला के मार्गदर्शन में शनिवार को नेपानगर की तीन पहाड़ियों पर भवानी माता मन्दिर पहाड़ी,विट्ठल मंदिर पहाड़ी,सरस्वती शिशु मंदिर पहाड़ी पर पलाश के लगभग 1 लाख बीजों का रोपण किया गया। इस दौरान आंगन वाड़ी कार्यकर्ता,आईटीआई के विद्यार्थी,राजस्व विभाग के अधिकारी कर्मचारी, सरस्वती शिशु मंदिर के विद्यार्थी,नगर पालिका नेपानगर के कर्मचारी,उर्दू स्कूल के विद्यार्थी, एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के विद्यार्थी, पीएम श्री उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थी, सिटीजन विद्यालय के विद्यार्थियों व नागरिकों के सहयोग से लगभग 450 श्रमवीरों ने पलाश का बीजारोपण कर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में नया इतिहास रचा है। अपर कलेक्टर श्री चौहान ने कहा किए एक पेड़ माँ के नाम एक प्रयास है जो हमारी मातृभूमि और प्रकृति के प्रति हमारे सम्मान और समर्पण को दर्शाता है। इस अभियान का उद्देश्य माँ के नाम पर एक पेड़ लगाना और एक स्थायी स्मृति बनाना है,जो न केवल पर्यावरण की रक्षा करेगा बल्कि एक हरे और अधिक समृद्ध भविष्य के निर्माण में भी योगदान देगा।

तुम से तुम तक धारावाहिक 7 जुलाई से प्रतिदिन जी टी वी पर प्रसारित

बुरहानपुर। बुरहानपुर की बेटी निहारिका चौकसे का नया शो तुम से तुम तक 7 जुलाई 2025 सोमवार से प्रतिदिन रात्रि 8.30 बजे जी टी वी पर प्रसारित होगा। बुरहानपुर शहर का गौरव कलचुरी समाज की बिटिया छोटे शहर से मुंबई नगरी तक की उड़ान भरने वाली निहारिका संजीव चौकसे जिसने पूर्व में स्टार प्लस के ये है मोहब्बतें एये है चाहतेए ये रिश्ता क्या कहलाता है स आदि सीरियलों में रोल करने के बाद स्टार प्लस के सीरियल फालतू में में मुख्य भूमिका में काम किया जो काफी हिट रहा स उसके बाद आईना सीरियल में भी मुख्य किरदार में काम किया स इसके अलावा निहारिका चौकसे मात्र 17 साल की उम्र में कई फिल्मों में भी काम किया जिसमें जानवी कपूर के साथ मिली नुसरत भरूचा के साथ जनहित में जारी ,स्वरा भास्कर के साथ जहां चार यार,अजय देवगन के साथ रुद्रा आदि फिल्मों में काम किया स इसके अलावा 16 साल की उम्र से ही कई लगभग 200 प्लस एडवरटाइजमेंट एवं कई वेब सीरीज में काम किया । इस समय निहारिका चौकसे का नया सीरियल तुमसे तुम तक पर आ रहा है 7 जुलाई से प्रतिदिन रात्रि 8रू30 बजे प्रसारित होगा स इसै भ्ॅकी खास बात यह है कि इसमें हीरो शरद केलकर हैं जो कि भारत की फिल्म इंडस्ट्री का एक जाना माना नाम है और यह वर्षों बाद फिल्म इंडस्ट्री के बाद पहली बार टीवी पर काम कर रहे हैं और यह कहानी ज़ी टीवी की प्राइम कहानी है। इस सीरियल की महान सफलता के लिए सभी बुरहानपुर वासियों की और से बेटी निहारिका चौकसे को बहुत बहुत बधाई एवं शुभ कामनाये ।

मोहर्रम पर्व को लेकर बहानपुर पुलिस अलर्ट

बुरहानुपर। पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पाटीदार द्वारा समस्त थाना प्रभारी को डीआईजी महोदय के दिशा निर्देशों को शक्ति से पालन करने हेतु आदेशित किया गया। जिला बुरहानपुर में दिनांक 04 जुलाई 2025 को उप.पुलिस महानिरीक्षक निमाड़ रेंज खरगोन सिद्धार्थ बहुगुणा आगामी त्योहार मोहर्रम के मद्देनजर शहर में कानून व्यवस्था का जायजा लेने हेतु एक दिवसीय दौरे पर आए जिनके द्वारा पुलिस कंट्रोल रूम में अधिकारियों की मीटिंग ली गई एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पाटीदार द्वारा समस्त थाना प्रभारी को डीआईजी के दिशा निर्देशों को शक्ति से पालन करने हेतु आदेशित किया गया है । जिला बुरहानपुर में मोहर्रम पर्व के मद्देनजर और शहर व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस द्वारा शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जुलूस आयोजकों के साथ मीटिंग ली जाकर समन्वय बनाकर कार्य योजना बनाई जा रही है जिसमें की त्योहार को शांतिपूर्वक मनाया जा सके जिसमें थाना प्रभारी द्वारा ताजिया विसर्जन रूट को चेक किया गया ताजिया विसर्जन घाट पर गोता खोरों की व्यवस्था की गई। संवेदनशील इलाकों,मुख्य चौराहों पर पुलिस की मोबाईल पार्टियां सतत भ्रमण कर रही है। क्षेत्र के निगरानी एवं गुंडा बदमाशों की चेकिंग की जा रही है तथा इंटेलिजेंस टीमों द्वारा उनके कार्य योजना पर पुलिस निगाहें बनाये रखी है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि हमारी पहली प्राथमिकता शहर में शांति और सुरक्षा एवं लॉ एंड ऑर्डर बनाए रखना है।

घरों में बिजली उपकरणों को हुआ नुकसान

नेपानगर। नगर में शुक्रवार को बिजली उपकरणों को नुकसान पहुंचा है। दरअसल वार्ड नंबर 19,20 में शुक्रवार को बिजली लाइन में गड़बड़ी के कारण अचानक कुछ लोगों के घरों की टीवी, फ्रीज,पंखे,लाइट खराब हो गई। बिजली कंपनी के सहायक अभियंता को इसकी शिकायत करते हुए वार्ड नंबर 10 की पार्ष्द श्रावण्या पंकज कुमार ने कहा कि बिजली कंपनी कर्मचारियों की लापरवाही के कारण ही यह स्थिति उपजी है इसलिए कंपनी उन्हें मुआवजा दे।

आरोपी को 60 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब के साथ किया गिरफ्तार

नेपानगर। पुलिस ने मांडवा में दबिश देकर एक आरोपी से 60 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब बरामद कर उसके खिलाफधारा 34.2 के तहत केस दर्ज किया। दरअसल मुखबिर की सूचना पर आरोपी हरिसिंग पिता खुमान सिंह निवासी मंडवा से 4 कैनों में भरकर रखी 60 लीटर कच्ची शराब बरामद कर उसे गिरफ्तार किया गया। जब्त शराब की कीमत 12 हजार रूपए है। वहीं इसी तरह सीवल बाकड़ी रोड पर दबिश देकर एक आरोपी से 6 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब बरामद की। पुलिस के अनुसार मुखबिर से मिली सूचना के बाद आरोपी रियान पिता जंगल सिंग निवासी तालाब मोहल्ला बाकड़ी से अवैध शराब बरामद कर आरोपी के खिलाफ34 आबकारी एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया।

34 करोड़ की लागत से श्री गुरूगोविंदसिंह मेमोरियल म्यूजियम का कार्य होगा पूर्ण : अर्चना चिटनिस

*** श्री गुरूगोविंदसिंह जी और श्री गुरूनानक जी जैसी पुण्यात्माओं के चरण बुरहानपुर की धरती पर पड़े।**
*** खांडा आकार में तीन मंजिला भवन का हो रहा है निर्माण।**

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। बुरहानपुर में बन रहे श्री गुरूगोविंदसिंह मेमोरियल संग्रहालय का निर्माण कार्य अब अतिशीघ्र पूर्ण हो सके,इस हेतु विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री श्रीमती अर्चना चिटनिस लगातार प्रयासरत है। अब 34 करोड़ रूपए की लागत से म्यूजियम का निर्माण कार्य होगा। जिसकी सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। जिस पर श्रीमती चिटनिस ने मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

श्रीमती अर्चना चिटनिस ने बताया कि बुरहानपुर में लगभग 17 करोड़ की लागत से श्री गुरूगोविंदसिंह मेमोरियल संग्रहालय स्वीकृत किया गया था। इस म्यूजियम का निर्माण कार्य राशि आवंटन के अभाव और देरी के कारण इसकी लागत में वृद्धि होने के चलते निर्माण कार्य रूक गया था। वर्तमान में इस म्यूजियम की लागत लगभग 34 करोड़ रूपए से अधिक हो गई है। श्रीमती चिटनिस द्वारा मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव सहित संबंधित अधिकारियों से पत्राचार एवं भेंट की। साथ ही विधानसभा में ध्यानाकर्षण और प्रश्न लगाया गया था। श्रीमती चिटनिस के आग्रह पर मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने मध्यप्रदेश सरकार के बजट से बढ़ी हुई शेष राशि 17 करोड़ रूपए का आवंटन करने के निर्देश दिए। जिसके बाद पुरातत्व विभाग द्वारा उक्त प्रस्ताव शासन को प्रेषित किया। वित्त विभाग द्वारा बढ़ी हुई राशि 17 करोड़ रूपए की अतिरिक्त सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान कर दी गई। इसमें म्यूजियम में साफकाम्पोनेन को भी सम्मिलित किया गया है। साथ ही केन्द्र शासन से शेष 9 करोड़ रूपए आवंटित किए जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही की गई। अतिशीघ्र राशि आवंटन के बाद निर्माण कार्य प्रारंभ होकर पूर्ण किया जा सकेगा।

विधायक श्रीमती अर्चना चिटनिस ने कहा कि 17वीं शताब्दी में भारत की भूमि पर अनेक महापुरूषों और वीरों ने जन्म लिया। जिसके फलस्वरूप आज मां भारती और हम भारतवासी होकर भारत भूमि पर अपनी सांस ले पा रहे है। इस काल में गुरू गोविंदसिंह जी, छत्रपति शिवाजी महाराज आदि ने जन्म लेकर अत्याचार और अनाचार के विरूद्ध संघर्ष करते हुए भारतीयता की रक्षा की। ऐसे महापुरूषों की यादें आने वाली पीढ़ी और संपूर्ण विश्व जान सकेए इस दृष्टिकोण से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा गुरू गोविंदसिंह के 350वीं जयंती पर अपने बुरहानपुर के लिए 34 करोड़ की लागत से श्री गुरूगोविंदसिंह मेमोरियल म्यूजियम की स्वीकृति प्रदान कराकर हम यह खांडा आकार में तीन मंजिला भवन निर्माण करा रहे है। श्रीमती चिटनिस ने कहा कि बुरहानपुर एक पौराणिक शहर है जिसमें श्री गुरूगोविंदसिंह जी और श्री गुरूनानक जी जैसी पुण्यात्माओं के चरण यहां की धरती पर पड़े। वो एक बड़े दार्शनिक,योजक,संघटक और कई भाषाओं के जानकार थे।

भवन की संरचना:- विधायक श्रीमती अर्चना चिटनिस ने बताया कि म्यूजियम बिल्डिंग ग्राउंड फ्लोर के अलावा दो फर्स्ट फ्लोर और सेकेंड फ्लोर होंगे। जिसका टोटल एरिया स्क्वायर मीटर 6279 स्क्वायर मीटर होगा। भवन के निर्माण की कुल कीमत 34 करोड़ होगी। भवन की डिजाइन सिख पंथ के पवित्र चिन्ह ष्ख्खांडाष्ष् जैसी होगी। जिसमें 500 सीटर ऑडिटोरियम का निर्माण किया जाएगा। पार्किंग और पार्क के साथ पाथ वे की भी सुविधा होगी। भवन में रेन वाटर हार्वेस्टिंग की भी व्यवस्था की जाएगी। श्री गुरूगोविंदसिंह मेमोरियल संग्रहालय में 10वें गुरू श्री गुरूगोविंदसिंह की जीवनी को दर्शाया जाएगा। श्रीमती चिटनिस ने बताया कि गुरूगोविंदसिंह जी ने स्वयं अनेक ग्रंथों की रचना कीए उनके दरबार में 52 कवि तथा लेखकों की मौजूदगी रहती थीए इसलिए उन्हें श्संत सिपाहीश् भी कहा जाता है। श्री गुरूगोविंद सिंह जी शांतिए क्षमाए सहनशीलता परिपूर्ण थे। उनमें समताए समानता और समरसता का भरपूर ज्ञान था वे लोग रंग भेदभाव आदि में विश्वास नहीं करते थे।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की घोषणा के बाद से ही श्रीमती अर्चना चिटनिस बुरहानपुर में श्री गुरूगोविंदसिंह जी की 350वीं वर्षगांठ को समारोह स्वरूप में मनाए जाने तथा बुरहानपुर में दशमेश श्री गुरूगोविंदसिंह जी के मेमोरियल म्यूजियम की स्थापना हेतु निरंतर प्रयासरत रही है। वे इस दिशा में भारत सरकार के संस्कृति एवं पर्यटन मंत्रालय तथा गुरूगोविंदसिंह जी की 350वीं वर्षगांठ के लिए गठित समिति के अध्यक्ष केन्द्रीय रक्षा मंत्री एवं तत्कालिक केन्द्रीय गृह मंत्री माण्राजनाथसिंह तथा सदस्य स्व.सुषमा स्वराज,डॉ.महेश शर्मा,डॉ.एस.एस. अहलुवालिया से निरंतर पत्राचार तथा व्यक्तिगत संपर्क में रहकर प्रयासरत रही थी।

6 माह 9 दिन बुरहानपुर रूके थे श्री गुरू गोविंदसिंह जी

विधायक श्रीमती अर्चना चिटनिस ;दीदीद्ध ने कहा कि ऐसी ऐतिहासिक घटनाओं के स्मरणोत्सव से ही भविष्य की पीढ़ियां जड़ों से जुड़ सकेंगी। जो इतिहास भूल जाते है वह कभी इतिहास नहीं बना सकते। सिख सम्प्रदाय के दशम गुरू गोविंदसिंह जी का जूनए 1708 ईसवी में नांदेड जाते समय छः माह नौ दिन तक बुरहानपुर में निवास रहा है। इसी ठहराव के समय में उन्होंने सुनहरी बीड ;गुरूग्रंथ साहबद्ध को लिपिबद्ध करवाया था। इस बीड़ के सभी पन्नों को सुनहरे बेलबूटों की कलापूर्ण चित्रकारी से सुसज्जित किया गया है। अंतिम पन्ने पर श्री गुरूगोविंदसिंह जी के करकमलों से उन्होंने स्वयं इस बीड़ पर सुनहरी स्याही से ओंमकार लिखकर इस महान ग्रंथ और गुरूद्वारे को पवित्रता.आस्था प्रदान की। बताया जाता है कि संपूर्ण विश्व में इस विशिष्टता के एकमात्र बीड़ , गुरूग्रंथ साहब है। बुरहानपुर गुरूद्वारा बड़ी संगत के पीछे श्री गुरूगोविंदसिंह जी का पूजा स्थल है जहां गुरूजी स्वयं साधना.आराधना करते थे एवं पास ही एक कुआं भी स्थित हैए जो तत्कालीन समय का है।

नगर परिषद द्वारा पौधारोपण कर दिया गया हरित संदेश , 300 पौधों का किया रोपण

नवभारत न्यूज,

शाहपुर। नगर परिषद शाहपुर द्वारा अमृत मित्र श्रुमन फॉर ट्री अभियान अंतर्गत मांग नाला रोड स्थित नवीन श्मशान परिसर में वृहद स्तर पर पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अभियान में नगर परिषद के समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों एवं स्वंयसेवी संगठन की सक्रिय सहभागिता से विभिन्न प्रजातियों के कुल 300 पौधों का रोपण किया गया। जिनमें प्रमुख रूप से टिकोमा, नीम, करंज, जामुन, सहजन, आम,सीताफल, कटहल आदि शामिल हैं। इन पौधों का चयन पर्यावरण संरक्षण,छायादार वृक्षों की उपलब्धता और जैव विविधता को ध्यान में रखते हुए किया गया। पौधों

की जिओ टैगिंग के माध्यम से फोटोग्राफी की गई, जिससे पौधे की निगरानी और देखरेख की पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके। पौधों की सतत देखभाल हेतु ड्रिप सिंचाई प्रणाली की भी व्यवस्था की गई है, ताकि जल की न्यूनतम खपत के साथ पौधों को नियमित रूप से सिंचित किया जा सके।

नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती साधना वीरेन्द्र तिवारी ने कहा कि हर नागरिक की भागीदारी से ही हम हरित और स्वच्छ शाहपुर का सपना साकार कर सकते हैं। मुख्य नगर पालिका अधिकारी दिलीप चोहान ने पौधों के रख.रखाव के लिए नोडल कर्मियों की नियुक्ति और नियमित निरीक्षण की योजना भी तैयार की गई है, इस अभियान में निकाय शाहपुर के जगन्नाथ महाजन, पुंडलिक भूते, जे. पी. गुहा पूर्व ईश्वर वरखेडे,रतन सिंह रावत, अभिषेक जवरे,वसंता कुसुम्बे कर, बोंदर सिंह डावर,श्रीमती प्रतिभा काले, श्रीमती चंद्रकला मेढे, श्रीमती भारती महाजन, विनोद इंगले, रविन्द्र ससाने, बाडू दगडू जंजालकर, राजू महाजन, चेतन महाजन, मयूर मेंड्रेकर, भूषण आखरे, हर्षल जैन,वैभव चौधरी, रमाकांत महाजन ,शिवम गुहा आदि कर्म. का योगदान रहा।

स्व .जगदीश पारीक की पुण्य स्मृति में सामग्री वितरण

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। सरस्वती शिशु मंदिर,उपनगर लालबाग में विधालय के छात्र एंव छात्राओं को स्व.जगदीश प्रसाद जी पारीक की पुण्य स्मृति में शिक्षण सामग्री का वितरण किया गया एंव ग्यारह हजार रूपये राशि एंव एक कम्प्यूटर मय प्रिंटर विधालय विकास समिति को प्रदान किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में ओमप्रकाश पारीक समाजसेवी , विधालय विकास समिति अध्यक्ष राजेन्द्र जी जोशी राजू भाई,विशिष्ट अतिथि मुकेश देवड़ा अध्यक्ष लांयस क्लब, बुरहानपुर, महेन्द्र कुमार पारीक पूर्व प्रांतीय संयोजक.म.प्र.अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच , अरूण पारीक संचालक मधुसूधन बजाज प्रमुख रूप से उपस्थिति थे।

विश्व हिंदू परिषद,बजरंगदल द्वारा अति प्राचीन शिव मन्दिर अहीरगढ़ पर साफ सफाई

नवभारत न्यूज, बुरहानपुर। विश्व हिंदू परिषद, बजरंगदल ब्रह्मपुर जिले के हर प्रखंड खंड व ग्राम समिति तक बजरंगदल सेवा सप्ताह कार्यक्रम किया जायेगा जैसे नेपानगर प्रखंड व धुलकोट प्रखंड में अति प्राचीन मंदिर अहीरगढ़ पर शिव मन्दिर पर जिला सयोजक दीपक पवार सहित सभी कार्यकर्ता द्वारा साफ- सफाई किया गया। जानकारी दिनेश राठौड़ प्रचार प्रसार प्रमुख ने कहा कि बजरंग दल सेवा,संस्कार और संकल्प का प्रतीक है जहाँ धर्म संकट में हो,जहाँ कोई पीड़ा में हो ,वहाँ बजरंग दल बिना बुलावे पहुँचता है। हमारा उद्देश्य सिर्फ धर्म की रक्षा नहीं, मानवता की सेवा भी है। श्रीराम का आदर्श हनुमान का बल और भारत माँ की सेवा यही है हमारी साधना। 1 से 7 जुलाई तक विश्व हिन्दू परिषद ,बजरंग दल के द्वारा मनाया जा रहा है। सेवा सप्ताह नर सेवा ही नारायण सेवा है । इस सप्ताह हम जरूरतमंदों तक सहायता पहुँचाते हैं,मंदिरों की सफाई, रक्तदान,भोजन वितरण,अस्पताल सेवा वृक्षारोपण जैसे अनेक कार्यों द्वारा धर्म और मानवता की एक साथ सेवा करते हैं। क्योंकि धर्म रक्षा का मार्ग सेवा से होकर ही गुजरता है। इस दौरान अखाड़ा प्रमुख सुनील गाटे,पूर्ण कालिक दीपक डाबर , प्रखंड मंत्री गणेश राठौड़ ,प्रखंड सह मंत्री राजपाल , सयोजक विष्णु , धुलकोट प्रखंड विनोद ,गजेंद्र ,सामाजिक समरसता प्रमुख विजय जी व प्रखंड खंड कार्यकर्ता रहे।

स्व .राकेश श्रीवास्तव की रहस्यमयी मौत के गुनाहगार पर हो जल्द कार्यवाई

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। समाज सेवा के क्षेत्र में जिले की अग्रणी संस्था जनजाग्रति संस्था बुरहानपुर एवं जायंट्स ग्रुप ऑफ़ बुरहानपुर के सदस्यगणों सर्व जनजाग्रति संस्था के संस्थापक महेंद्र जैन ,जायंट्स अध्यक्ष डॉ किरण सिंह ,जायंट्स व् जनजाग्रति संस्था के सदस्य डॉ हर्ष वम,सुनील सलूजा , राकेश राठोर ने जिला पुलिस अधीक्षक के नाम से प्रेषित पत्र म निवेदन किया गया है की जिस भी रहस्यमयी तरीके से हमारी संस्था के वरिष्ठ सदस्य स्व.राकेश श्रीवास्तव का जो निधन हुआ है। इसी सन्दर्भ में हमारी संस्था द्वारा आज जिले के अतिरक्त पुलिस अधीक्षक अंतरसिंह कनेश से भेंट कर स्व.राकेश श्रीवास्तव के गुनेहगार को जल्द से जल्द पकड़कर सख्त से सख्त सजा देने की मांग का एक ज्ञापन पत्र सौपा। जिसमे संस्था के सदस्यों ने इस मामले की गहन जांच की जाकर सम्बंधित दोषी व्यक्ति को कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जाये यह मांग की। जिससे की मृत आत्मा के परिवार को राहत मिल सके । सजा भी आप एसी दिलाये ताकि दूसरी बार कोई भी व्यक्ति इस प्रकार के कृत्य को करने से पहले 100 बार सोचे स हमारी संस्था को उम्मीद ही नही पूर्ण विश्वास है की हमारे जिले का जागरूक पुलिस प्रशासन इस सम्बन्ध में त्वरित कार्यवाही दोषी को पकडकर न्यायालय में पेश कर कड़ी से कड़ी सजा दिलाये।

अवैध मदिरा संग्रहण एवं विक्रय विरुद्ध कार्यवाही जारी

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। कलेक्टर श्री हर्ष सिंह के निर्देशानुसार आबकारी विभाग द्वारा आज वृत नेपानगर के ग्राम लिंगा,देवरी,मनमुडिया,डवाली खुर्द, नावघाट के जंगलों में कार्यवाही की गई। कार्यवाही में 720 किलो महुआ लाहन, 45 लीटर हाथ भट्ठी मदिरा जप्त की गई। मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34/ 1 तहत 07 प्रकरण कायम कर विवेचना की गई। जप्त मदिरा का बाजार मूल्य लगभग 81000/- रूपये है। जप्त महुआ लाहन को मौके से नष्ट किया गया। इस प्रकार की कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी। इस दौरान प्रभारी सहायक जिला आबकारी अधिकारी विजय कुचेरिया, मुख्य आरक्षक बसंत जटाल,आरक्षक नरेंद्र कुमरावत, सलोनी गौड मौजूद रहे।

दिल्ली चिंतन शिविर : धर्म के लिए जगना ,उठना ,लड़ना पड़ेगा : पंडित योगेश गुरूजी

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। गत दिवस भारत की राजधानी नई दिल्ली मे अखिल भारतीय संत समिति धर्म समाज द्वारा चिंतन शिविर का आयोजन किया जिसमे पं योगेश चतुर्वेदी गुरूजी अखिल भारतीय संत समिति के प्रदेश उपाध्यक्ष धर्म समाज ने सम्मिलित होकर संतो का आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन प्राप्त किया एवं सभा को सम्बोधित किया।

पं योगेश गुरूजी ने कहा की चिंतन शिविर मे सम्पूर्ण भारतवर्ष से संत एवं धर्मसमाज एकत्रित हुआ एवं वर्तमान परिस्थितियो पर विचार कर संघठन के विस्तार एवं वर्तमान

परिस्थितियों मे सनातन संस्कृतिए समाज को कैसे संघठित रखना है इस पर विचार विमर्श किया गया। इस अवसर संतो ने कहा की सनातन धर्म एवं राष्ट्र की अखंडता के लिए हमें एक होकर रहना है आपसी मतभेद नहीं होना चाहिए। आज लोग जातिवाद से देश को तोडना चाहते है,इससे हमें सचेत रहना चाहिए।

पं योगेश चतुर्वेदी ने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा की हमें जागृत होना पड़ेगा धर्म की जय हो बोल देने भर से काम नहीं चलेगा धर्म के लिए उठना लड़ना जागना पड़ेगा तब परिवर्तन आएगा। इस अवसर पर सम्पूर्ण भारतवर्ष से संत एवं ब्राह्मण एकत्रित हुआ जिसमे प्रमुख रूप से महामंडलेश्वर स्वामी , महामंडलेश्वर स्वामी बालकानंद जी महाराज, महामंडलेश्वर स्वामी धर्मदेव जी महाराज,महामंडलेश्वर स्वामी जीतेन्द्रानंद सरस्वती जी महाराज, स्वामी अलकनाथजी, हातोद विधायक स्वामी बालमुकुंद जी महाराज, धर्म समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष आचार्य शुभेश शर्मन जी सहित देश के सभी प्रदेशो से संत पुजारी सम्मिलित हुए।

वायाज सीधा प्रसारण इमाम हुसैन अ .स शहीदे करबला की याद में स्थानीय नजमी मस्जिद के इवान मुबारक में 10 दिनी वायाज

दाऊदी बोहरा समाज ने मनाया अशुरा, गम ए हुसैन मे नम हुई आंखे इबादत में गुजारा अशरा

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। मध्यप्रदेश के बुरहानपुर मे दाऊदी बोहरा समाज ने पवित्र मोहर्रम मे इमाम हुसैन अ.स शहीदे करबला की याद में स्थानीय नजमी मस्जिद के इवान मुबारक में 10 दिनों से वायाज,प्रवचन हो रहे हैं।

दाऊदी बोहरा समाज एवं अंजुमन जाकवी जमात कमेटी के कोऑडिनेटर तफ्फ्जुल हुसैन मुलायम वाला ने बताया की दाऊदी बोहरा समाज के 53 वे धर्मगुरु सेय्यदना डॉ.मुफादल सैफ्फुदिन साहब चैनई मे वायाज फरमा रहे है जिसका सीधा प्रसारण कुछ शहर मे दाऊदी बोहरा समाज जनों द्वारा देखा जा रहा है मोहर्रम के पवित्र माह मे मौला हुसैन की याद मे 10 दिनों से चैनई मे वायाज़ सेय्यदना साहब द्वारा की जा रही है।

बुरहानपुर मे भी दाऊदी बोहरा समाज द्वारा स्थानीय नज़मी मस्जिद दाऊदपुरा मे 10 दिनों से मजलिस एवं वायाज़ का आयोजन

किया जा रहा है सैय्यदना साहब डॉ. मुफदल सैफुदिन साहब को सहमति से बुरहानपुर मे डॉक्टर शेख जुजर कुर्ला वाला जीवायाज फरमा रहे है।

दाऊदी बोहरा समाज एवं अंजुमन जाकवी जमात कमेटी के कोऑडिनेटर तफ्फ्जुल हुसैन मुलायम वाला ने जानकारी देते हुए बताया की 10 दिनों से बुरहानपुर स्थित नज़मी मस्जिद मे समाज जनों पुरुषोए महिलाओ बच्चों ने वायाज एवं मजलिस मे बड़ी संख्या मे शहीदे कर्बला के जिक्र एवं इबादत मे शामिल हुए।

डॉ.शेख जूजर कुर्ला वाला जी ने वायाज़ मैं बयान किया जिसमे नबी मोहम्मद रसुलुल्लाहा के नवासे इमाम हुसैन अण्श को याद किया गया जिनको लगभग 1400 साल पहले यजीद के मनाने वाले मुसलमानों ने करबला इराक में तीन दिन भूखा प्यासा रखकर शहीद किया था । बुरहानपुर नज़मी मस्जिद मे कर्बला के वाकिये की वायाज़ करते जुए डॉण् जुजर भाई कुर्ला वाला जीने बताया की इस्लाम की हक और बात बैत की लड़ाई इमाम हुसैन अ.श.ने लड़ी।

यजीद जो की सरेआम उसके दरबार में शराब पीता था जो कि इस्लाम में धर्म.धर्म में हराम है इसलिए इमाम हुसैन अण्शण्द्ध ने इसकी बैत मानने से इंकार कर दिया था जिसके बाद बदले की भावना से गुस्से मे यजीद ने अपनी फौज भेज कर इमाम हुसैन आपके भाई जनाब अब्बास आलम लमदार, 18 साल के जवान बेटे जनाब अली अकबर, 6 महा के नन्हे जनाब अली असगर के गले मे तीर मारकर शहीद कर दिया। जनाब इमाम हुसैन अ.श. के घर 18 लोगो एवं आपके 53 साथीयों को कर्बला मे शहीद कर दिया गया आखिर मे 10 मोहर्रम को इमाम हुसैन अ.श. को सजदे की हालत मे शहीद हुए।

शहीदे कर्बला ने इस्लाम धर्म को यजीद जैसे अधर्मी,अय्याशी,बलात्कारी बादशाह के सिकंजे से छुड़ाने के लिए अपना सब कुछ कुर्बान कर दिया इन्ही की वजब से आज इस्लाम जिंदा है और त कयामत तक ज़िंदा रहेगा। कलमा ला इलाहा इल्लाहा बाकी है।

पवित्र मोहर्रम मे पूरे विश्व बोहरा समाज के लोग अपने धर्म गुरु सैय्यदना डॉ.मुफ़दल सैफुद्दीन के साथ ईमाम हुसैन की याद में दिन में वायाज प्रवचन और रात में मातमी मजलिस में हाजिर होकर इमाम हसैन का मातम करते है।

बुरहानपुर मे नज़मी मस्जिद मे वायाज़ फरमा रहे शेख जुजर भाई कुर्ला वाला ने 53 वे धर्मगुरु सैयदना डॉ.मुफादल सैफुद्दीन साहब के संदेश देते हुए सभी समाज जनों को इस पवित्र माह क्लीन इंडिया ग्रीन इंडिया के संदेश देते हुए ज्यादा से ज्यादा वृक्षारोपण करने साफ-सफाई रखने के साथ गरीबो बेसहरा लोगो को मदद करने का आह्वान किया।